R.N.I. No. RAJHIN/2020/79075

# कागज़ की कश्ती

पाक्षिक समाचार पत्र

मो. 9829250181
ई-मेल : shiv.ksg@gmail.com

सम्पादक : शिवकुमार शर्मा

वर्ष - 6 | अंक - 24 | सोमवार, 22 जून 2026 | कुल पृष्ठ - 4 | (पाक्षिक) | मूल्य रु. 360/- (वार्षिक)

## पीएम मोदी ने पचपदरा में किया ग्रीनफील्ड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स रिफाइनरी का उद्घाटन

### 54 हजार सरकारी नियुक्ति पत्र बांटे तथा 13 हजार करोड़ के जयपुर मेट्रो फेज-2 का वर्चुअल शिलान्यास भी किया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पचपदरा में भारत की पहली ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल राजस्थान पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी का उद्घाटन किया। क्रूड ऑयल से पेट्रोल-डीजल बनाने का सपना अब हकीकत में बदल गया है। मोदी ने कुल 1.5 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स का वर्चुअल लोकार्पण, शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें जयपुर में 13 हजार करोड़ की लागत से मेट्रो फेज-2 का शिलान्यास भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न विभागों में हुई 54 हजार भर्तियों के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी बांटे।

प्रदेश की जनता ने इस कार्यक्रम को लाइव देखा। इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, डिप्टी सीएम दिया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा



भी पचपदरा में मौजूद रहे। इस मौके पर मोदी ने कहा कि पश्चिमी एशिया में युद्ध से दुनिया में हाहाकार मचा है। हर देश त्रस्त है, यह 21वीं सदी का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट है। बड़े-बड़े देश झुक गए, लेकिन भारत के प्रयास यहां इन सब पर भारी पड़े हैं। हमने हर स्तर पर सही फैसले, प्रभावी रणनीति, संसाधनों का सही उपयोग किया। हमारी एक दशक की नीतियों और डिप्लोमैसी का जलवा है कि हम इस संकट से उबरे। मुश्किल समय में लोग देश के साथ मजबूती से खड़े रहे। कुछ विरोधी ताकतें थीं, जिन्होंने अफवाह फैलाई तथा भय पैदा किया। जो लोग भारत को विफल होते देखना चाहते थे, वे आज जरूर निराशा के गर्त में पड़े होंगे। उनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए। गैस की सप्लाई खाड़ी देशों से बंद हो गई।

हमारी रिफाइनरियों ने उत्पादन सात दिन में 35 से 54 हजार एमटी किया। करीब 11 लाख घरों में पीएनजी कनेक्शन दिए। घरेलू सिलेंडर की कीमत 2 हजार तक जा सकती थी, हमने 950 ही सीमित रखी। क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ीं, आधी दुनिया में दाम बढ़े, लेकिन हमने हालात नहीं बिगड़ने दिए। कम्पनियों ने 75 हजार करोड़ का घाटा उठाया, सरकार ने 10 रुपए तक एक्साइज ड्यूटी कम की। यही नहीं अपने मजबूत संबंधों से 25 की जगह 40 देशों से क्रूड ऑयल खरीदा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मोदी जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। रिफाइनरी का उन्होंने शिलान्यास और उद्घाटन दोनों किया। यह प्रदेश की भाग्य रेखा बनने जा रही है। लाखों युवाओं को रोजगार के मौके मिलेंगे। मेट्रो लाइन से जयपुर को ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। शर्मा ने कहा कि मोदी युवाओं के ऊर्जा के स्रोत हैं। हमने 1.78 लाख सरकारी और 4 लाख को निजी नौकरियां सृजित की। एक लाख को जल्द और इसी साल नियुक्तियां मिलेंगी। राजस्थान की सबसे पहली जरूरत पानी है। नर्मदा से पानी आया, राम जल सेतु परियोजना, देवास योजना, यमुना योजना प्रोजेक्ट देने के लिए मोदी को राजस्थान कभी नहीं भूलेगा। जाहिर है, मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं। मोदी है तो मुमकिन है। ऊर्जा के लिए राजस्थान को कई सौगातें मिली हैं, अब प्रदेश ऊर्जा उत्पादन में सरप्लस है। हम दूसरे राज्यों को बिजली दे रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में सभी चुनौतियों को पार कर लेंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि विश्वभर में दस साल में दो ग्रीनफील्ड रिफाइनरी बनी हैं। दोनों भारत में बनीं है ओर मोदी ने दोनों का उद्घाटन किया। राजस्थान में रिफाइनरी बनाने में कई चुनौतियां आईं। सितंबर 2013 में इसे शुरू किया। लेकिन 2018-23 तक कांग्रेस सरकार में काम अटका रहा। इक्विटी नहीं दी, अप्रुवल नहीं मिली। भजनलाल सरकार आने पर काम हुआ। 2030 तक भारत की रिफाइनरी क्षमता 270 से 310 एमएमटीपीए पहुंचेगी।





## जोधपुर में 480 करोड़ से निर्मित अत्याधुनिक एयरपोर्ट टर्मिनल का किया लोकार्पण



**जोधपुर।** पश्चिमी राजस्थान की हवाई कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोधपुर एयरपोर्ट के 480 करोड़ रुपए की लागत से बने नए एकीकृत टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने वाली उड़ान योजना के दूसरे चरण की शुरूआत भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जोधपुर एयरपोर्ट की वास्तुकला और इंटीरियर पूरे देश में चर्चा का विषय है और सोशल मीडिया पर इसकी व्यापक सराहना हो रही है। छोटे शहरों और दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क से जोड़ना विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे पर्यटन, व्यापार, निवेश और रोजगार को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक आधारभूत संरचना केवल सुविधा नहीं देती, बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देती है। लोकार्पण के बाद प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु एवं केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ नए टर्मिनल का निरीक्षण किया।

नया टर्मिनल 37 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है। इसका निर्मित क्षेत्र लगभग 24 हजार वर्गमीटर है। यह पुराने टर्मिनल से लगभग छह गुना बड़ा है। इसमें छह एयरोब्रिज, तीन बैगेज कन्वेयर बेल्ट और आधुनिक यात्री सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे जोधपुर एयरपोर्ट की यात्री क्षमता में लगभग दस गुना वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस टर्मिनल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सांस्कृतिक पहचान है।

**समाचार पत्र की खबरों का स्रोत**

समाचार पत्र के संवाददाता, PRO Ajmer, DIPR Jaipur, PIB Jaipur, दूरदर्शन भारत के माध्यम से तथा अन्य स्रोतों से समाचार पत्र की खबरों का प्रकाशन किया जाता है।

सम्पादक

# सेवा कार्य कर मनाया विधायक डॉ. विकास चौधरी का जन्मदिन




मदनगंज-किशनगढ़। विधायक एवं अजमेर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डॉ. विकास चौधरी का जन्मदिन हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। विधायक डॉ. चौधरी ने धार्मिक अनुष्ठान, विकास कार्यों के लोकार्पण व छात्र सम्मान जैसे रचनात्मक कार्य किए। उनके आह्वान पर जिले में कार्यकत्ताओं ने सेवा ही संकल्प के तहत विभिन्न आयोजन किए। तेजाजी महाराज की निर्वाण स्थली सुरसुरा में दर्शन और स्वागतविधायक डॉ. चौधरी ने जन्मदिन की शुरूआत जन-जन के आराध्यदेव वीर तेजाजी महाराज की निर्वाण स्थली सुरसुरा पहुंचकर की। उन्होंने मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली और तरक्की की कामना की। सुरसुरा जाते समय रास्ते में काली डूंगरी, खातोली मोड़, रलावता के साथ ही माली समाज सुरसुरा एवं मंदिर समिति की ओर से विधायक डॉ. चौधरी का माला पहनाकर व साफा बंधवाकर अभिनंदन किया गया। सीसी ब्लॉक सड़क का उद्घाटन विधायक चौधरी किशनगढ़ स्थित मदनेश गौशाला पहुंचे। जहां उन्होंने एक पेड़, एक कार्यकर्ता अपील के अन्तर्गत पौधरोपण किया। साथ ही गौशाला में गायों को गुड़, चारा व लापसी खिलाकर गौमाता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधायक डॉ. चौधरी रेगर मोहल्ला, सांवतसर पहुंचे। जहाँ उन्होंने बहुप्रतीक्षित वादा पूरा करते हुए नवनिर्मित सामुदायिक भवन का फीता काटकर उद्घाटन कर इसे आमजन को समर्पित किया। वादा पूरा होने पर मोहल्लेवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। समारोह और दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित डॉ. चौधरी के जन्मदिन का मुख्य आकर्षण आरके कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित विधानसभा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों का छात्र सम्मान समारोह रहा।

कार्यक्रम में मेधावी छात्रों ने विचार रखते हुए भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया। विधायक चौधरी ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया एवं लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सीख दी। इसके अलावा एमएलए डॉ. चौधरी ने विधायक कोष से क्षेत्र के जरूरतमंद दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की। स्कूटी पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान समर्थकों व आमजन ने विधायक डॉ. चौधरी की मानवीय पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रमों के बाद विधायक डॉ. चौधरी ने पवित्र ब्रह्म घाट पर मंत्रोच्चार के बीच सरोवर का दुग्धाभिषेक किया और आरती कर सरोवर की पूजा-अर्चना की। पुष्कर से प्रस्थान कर विधायक डॉ. चौधरी अजमेर सर्किट हाऊस पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया के साथी पत्रकारों के साथ मिलकर जन्मदिन की खुशियां बांटी। सर्किट हाउस में जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर ग्रामीण की ओर से डॉ. चौधरी का अभिनंदन किया गया। अजमेर शहर में भी प्रवेश के दौरान अनेक स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

अजमेर प्रवास के दौरान विधायक डॉ. विकास चौधरी ने सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह (ख्वाजा नगरी) पहुंचकर मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश किए। दरगाह कमेटी की ओर से विधायक डॉ. चौधरी का स्वागत किया गया। चौराहे पर ऐतिहासिक अभिनंदन शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए विधायक डॉ. चौधरी शाम को पुनः किशनगढ़ के मुख्य चौराहे पर पहुंचे। नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किशनगढ़ की ओर से विधायक के जन्मदिन पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ हजारों कार्यकर्ताओं ने विधायक डॉ. चौधरी का अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल रहा। समर्थकों ने जिलेभर के अनेक स्थानों पर चिकित्सालयों में फल वितरण, कच्ची बस्तियों में राशन सामग्री और भोजन पैकेट का वितरण सहित सेवा कार्य किए। जिले के प्रत्येक ब्लॉक, कस्बों और मुख्य चौराहों पर विधायक की दीघार्य की कामना की एवं बधाई संदेश वाले होर्डिंग्स व बैनर लगाए गए।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने 27 सरकारी सेवाओं के साथ ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा लॉन्च की

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को आरआईसी में ई गवर्नेंस कार्यक्रम में ई मित्र व्हाट्सएप सेवा का शुभारंभ भी किया। इसके माध्यम से नागरिक व्हाट्सएप पर 27 सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। बिजली-पानी के बिल जमा कराने, विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन सहित कई सेवाएं घर बैठे उपलब्ध होंगी। प्रदेश के लोग वॉट्सएप नंबर 94610-62705 पर हाय (एचआई) भेजकर सरकारी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। शर्मा बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित 29वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ई गवर्नेंस के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद जनधन खाते, आधार और मोबाइल आधारित व्यवस्था तथा डीबीटी ने सरकारी योजनाओं की वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाई है। बिचौलियों की भूमिका समाप्त होने से गरीब और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। डिजिटल इंडिया अभियान ने तकनीक को सुशासन और सामाजिक बदलाव का प्रभावी माध्यम बनाया है। सीएम शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधकर पूर्व पीएम राजीव गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली से भेजे एक रुपए में से लाभार्थी तक केवल 15 पैसे पहुंचते थे। शर्मा ने कहा कि शेष 85 पैसे पर कौन पंजा मारता था, सब जानते हैं।




एआई सक्षम, डेटा संचालित और सुरक्षित डिजिटल गवर्नेंस है। इसमें 80 से अधिक केन्द्रीय मंत्रालयों, 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान की 82 प्रतिशत सरकारी सेवाएं ऑनलाइन हो चुकी हैं और 26 हजार से अधिक सेवाएं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, डिजिटल गवर्नेंस और एआई इन पुलिसिंग जैसे विषयों पर विशेष तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के प्रयास से कस्तूरबा एवं डिग्गी बाजार स्वास्थ्य केन्द्रों को मिली पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें



अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने स्वास्थ्य केन्द्र कस्तूरबा में आयोजित कार्यक्रम में कस्तूरबा एवं डिग्गी बाजार स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए डीएमएफटी मद से स्वीकृत पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ भी किया तथा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों की स्थापना से कस्तूरबा एवं डिग्गी बाजार क्षेत्र के हजारों नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा प्राप्त होगी। अब मरीजों को सामान्य एक्स-रे जांच के लिए अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जेएलएन अस्पताल में 18 करोड़ रुपये की लागत से रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे जटिल ऑपरेशन अब आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे हैं। साथ ही उत्तर क्षेत्र के सैटेलाइट अस्पताल में भी सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जहां प्रतिदिन 400 से अधिक मरीज ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा, पूर्व पार्षद भारती श्रीवास्तव, सीताराम शर्मा सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इंडिगो की फ्लाइट में बिना चेक-इन बैगेज के लगेगा कम किराया

नई दिल्ली। देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने अपने इकोनॉमी श्रेणी के ग्राहकों के लिए 'इंडिगो लाइट फेयर' नाम से किराए का एक नया विकल्प पेश किया, जिसमें चेक-इन बैगेज के बिना यात्रा करने पर किराया कम हो जाएगा। यह एंट्री-लेवल किराया उन यात्रियों के लिए है, जो केवल केबिन बैगेज के साथ यात्रा करते हैं और केवल उन्हीं सेवाओं के लिए भुगतान करना चाहते हैं, जिनका वे वास्तव में उपयोग करते हैं। इससे ग्राहकों को अपने यात्रा खर्च पर अधिक नियंत्रण और विकल्प मिलेगा। इसकी बुकिंग




केवल एयरलाइंस के आधिकारिक चैनल वेबसाइट, मोबाइल ऐप और कॉन्टैक्ट सेंटर-के माध्यम से की जा सकेगी। यह किराया 15 जुलाई 2026 को या उसके बाद की यात्राओं के लिए लागू होगा।

# आठ दिन बाद ही बदले आदेश, होटलों के पुराने मामलों में 2017 की दरों पर ही लगेगी लाइसेंस फीस

जयपुर। होटलों की लाइसेंस फीस में की गई बढ़ोतरी के आदेश में आठ बाद ही बदलाव कर दिया गया है। अब शहरी क्षेत्रों में होटल लाइसेंस के पुराने मामलों में बढ़ी हुई फीस नहीं वसूली जाएगी। स्वायत्त शासन विभाग ने गुरुवार को स्पष्टीकरण आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार गत 24 जून को होटल लाइसेंस के संबंध में जारी किए गए आदेश से पूर्व में प्राप्त आवेदनों का पूर्व में निर्धारित फीस राशि के अनुसार तीन माह में निस्तारित किया जाए। आदेश के बाद प्राप्त आवेदनों पर ही नई लाइसेंस फीस के प्रावधान लागू होंगे। डीएलबी ने गत 24 जून को आदेश जारी किया था, जिसमें नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिका क्षेत्रों में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकान, बेकरी, फूड वैन, आइसक्रीम फैक्ट्री, मिनरल वाटर प्लांट, जिम और स्वीमिंग पूल जैसे व्यवसायों के लिए लाइसेंस शुल्क में बढ़ोतरी की थी। इसमें छोटे होटलों को राहत दी गई है, जबकि बड़े होटलों के शुल्क में भारी वृद्धि की गई हैं। साथ ही लाइसेंस शुल्क में हर साल पांच फीसदी स्वतः वृद्धि का भी प्रावधान किया गया। फीस में बदलाव के आदेश 2017 के बाद जारी किए गए थे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फाउंडेशन कोर्स का तृतीय बैच प्रारंभ



**शिवकुमार शर्मा**

मदनगंज- किशनगढ़ । आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवीन भवन पर बुधवार से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फाउंडेशन कोर्स के तृतीय बैच का शुभारंभ हुआ। पांच दिवसीय ऑफलाइन कार्यशाला महाविद्यालय के नॉलेज सेंटर में शुरू हुई। कार्यक्रम समन्वयक प्रो प्रभात यश ने बताया कि प्रोग्रामिंग एक्सप्रेस के सहयोग से आयोजित बैच में कुल 49 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। विद्यार्थियों को कक्षा के दौरान अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही नियमित रूप से प्रैक्टिकल सेशन और दैनिक टेस्ट भी आयोजित होंगे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को अक टूल्स, प्रोम्प्ट राइटिंग, आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस की एप्लीकेशंस, प्रैक्टिकल डिजिटल प्रोडक्टिविटी, रिसर्च सपोर्ट और करियर ओरिऐंटेड अक स्किल्स से परिचित कराया जा रहा है। कोर्स पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह प्रमाण-पत्र विद्यार्थियों के रिज्यूमे को मजबूत बनाने में भी सहायक होगा। प्राचार्य डॉ. जे. पी. शुक्ला द्वारा आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस डेली न्यूजलेटर का भी शुभारंभ किया गया। यह न्यूजलेटर प्रभात यशी और उनकी आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टीम के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया है।

## स्कूलों में बनेगा रोड सेफ्टी क्लब

मदनगंज-किशनगढ़। प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की। नए शैक्षणिक सत्र से राजकीय विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब गठित किए जाएंगे। इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ उन्हें समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। रोड सेफ्टी क्लब का उद्देश्य बच्चों को केवल ट्रैफिक नियम सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में तैयार करना है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने आदेश जारी किए है।

स्वामी व प्रकाशक शिवकुमार शर्मा के लिए मुद्रक गजेन्द्र के. बोहरा द्वारा नितिन प्रिन्टर्स, बंगाली गली, कचहरी रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित एवं कार्यालय नन्द निकुंज, जैन स्थानक गली, शिवाजी नगर, मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर) से प्रकाशित। सम्पादक : शिवकुमार शर्मा मो. 9829250181, ई-मेल : shiv.ksg@gmail.com

*जिस व्यक्ति के पास अपने प्रख्यात पूर्वजों की शेखी मारने के अलावा कुछ नहीं होता है, वह उस आलू के समान होता है, जिसका सर्वोत्तम भाग जमीन के नीचे है।*

**–बर्बरीक**

## सम्पादकीय

**सोमवार, 22 जून 2026**

### यमुना जल समझौता: सफल होते भागीरथी प्रयास

राजस्थान में कहावत है कि जल थोड़ो नेह घणो तो दूसरी और घी मांग्या मळे पण पाणी मांग्या नहीं मळे। यानी राजस्थान में पानी भले ही कम हो पर नेह अर्थात स्नेह खूब है तो दूसरी और राजस्थान में घी आसानी से मिल जाता है पर पानी बहुत कम मिल पाता है। यह आज के नहीं सदियों से चले आ रहे हालात है। मृग मरिचिका की तरह पानी की तलाश में लंबी दूरिया तय करनी पड़ती थी पर आज हालात तेजी से बदल रहे हैं। पानी को लेकर समग्र प्रयास किये जा रहे है।



राजस्थान नहर ने जहां पश्चिमी राजस्थान की तकदीर ही बदल दी है वहीं नदियों को जोड़ने या अतरिक्त पानी को संजोने के समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री का पद संभालते ही पानी को लेकर भागीरथी प्रयास शुरू किये और उन प्रयासों ने रंग लाना शुरू कर दिया है। यमुना जल समझौते के साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के राजस्थानवासियों के लिए पानी की समस्या के समाधान के लिए किये जा रहे भागीरथी प्रयासों की कड़ी में एक और मनका जुड़ गया है। देश के लिए यह कोई नई बात नहीं है कि राजस्थान पानी की कमी से जूझता प्रदेश है। यहां पर पेयजल सहित पानी की निर्भरता बरसाती पानी को लेकर ही रही है। अत्यधिक दोहन के चलते जहां पानी उपलब्ध भी है तो वहां पर जलस्तर तेजी से नीचे जाता जा रहा है ऐसे में पानी को लेकर समग्र, समन्वित और योजनाबद्ध प्रयास किया जाना जरुरी हो जाता है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना जल समझौते पर मेमोरण्डम ऑफ एग्रीमेंट एमओए के हस्तांतरण के साथ ही राजस्थान में यमुना जल के 32 साल पुराने सपने के साकार होने की राह प्रशस्त हो गई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों का ही परिणाम है कि राजस्थान और हरियाणा के बीच ऐतिहासिक समझौता संपन्न हुआ है। राजस्थान और हरियाणा सरकार के बीच समझौते से खासतौर से शेखावटी के तीन जिले चुरु, झुन्झुनू और सीकर तक यमुना का जल पहुंच सकेगा। इससे इन जिलों की पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान संभव हो सकेगा। दरअसल 12 मई, 1994 को उपरी यमुना जल बेसिन समझौता हुआ और इसके अनुसार राजस्थान को 10.4 प्रतिशत पानी मिलना था। पर 32 साल बीत जाने के बाद भी यह समझौता धरातल पर उतरने की स्थिति में नहीं आ सका। 29 जून, 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति पर ऐतिहासिक समझौते का परस्पर हस्तांतरण होना अपने आपमें महत्वपूर्ण हो जाता है। लंबे समय से राजनीतिक आरोप प्रत्यारोपों के बीच राजस्थान में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के साथ ही राजस्थान में पानी की समस्या को दूर करने के लिए भागीरथी प्रयास शुरू कर दिए गए। उसी का परिणाम है कि पहले पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ईआरसीपी पर बात बनी और उसके बाद रामजल सेतु लिंक प्रोजेक्ट धरातल पर आना शुरू हुआ। अब यमुना जल समझौते के साथ ही भजनलाल शर्मा के सही मायने में मरुधरा में पानी लाने के भागीरथी प्रयास आकार लेने लगे हैं। भजनलाल शर्मा की पानी को लेकर गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों गंगा दशहरे से विश्व पर्यावरण दिवस तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान समूचे प्रदेश में संचालित किया गया। देखा जाए तो यह दूरदर्शी निर्णय और प्रयास जल संकट से निजात और बर्बाद होते पानी के सदुपयोग की दिशा में बढ़ता कदम माना जाना चाहिए।

## संस्कृत छात्र ने रची डिजिटल सफलता की मिसाल

**मदनगंज-किशनगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन शुभारंभ के पश्चात् अजमेर जिले के किशनगढ़ निवासी 17 वर्षीय संस्कृत छात्र समकित जैन 'शास्त्री' ने बिना कंप्यूटर, लेपटॉप और तकनीकी शिक्षा के कॉमन सर्विस सेंटर किशनगढ़ की स्थापना कर डिजिटल सेवा के क्षेत्र में कदम रखा। 11 वर्षों बाद उनका यह प्रयास देशभर में डिजिटल नवाचार और जनसेवा का प्रेरक मॉडल बन चुका है। समकित जैन ने वर्ष किशनगढ़ । समकित जैन 2016 में मात्र 100 दिनों में लगभग 5 हजार बच्चों का आधार नामांकन कर नई पहचान बनाई। इसके बाद राजकीय यज्ञनारायण चिकित्सालय में देश का पहला जन्मजात शिशु आधार नामांकन सेवा केंद्र प्रारंभ किया। जहां 3 हजार से



अधिक नवजातों का आधार बनाया गया था। नवाचार के लिए उन्हें तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रविशंकरप्रसाद ने सम्मानित किया तथा भारत सरकार की आधिकारिक पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर उनके मॉडल को स्थान मिला था। विमुद्रीकरण के दौरान उन्होंने हजारों लोगों और व्यापारियों को डिजिटल भुगतान का प्रशिक्षण दिया तथा कोरोनाकाल में भी बैंकिंग और डिजिटल सेवाएं निरंतर उपलब्ध कराई। वर्तमान में उनके कॉमन सर्विस सेंटर पर आधार, बैंकिंग, डिजिटल प्रशिक्षण, सीएससी एकेडमी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जीवन प्रमाण पत्र सहित में 400 से अधिक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध है। डिजिटल नवाचार के लिए समकित जैन को तीन बार स्कोच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड, राजस्थान आईटी डे सम्मान, संस्कृतोपासक सम्मान सहित अनेक राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके है। वह केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर भी है। उनके प्रयासों से संस्कृत विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण मिल रहा है।

# एयरपोर्ट अधीक्षक डा. मीना को कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित

**मदनगंज-किशनगढ़।** किशनगढ़ एयरपोर्ट के अधीक्षक डा. सीएल मीना को अखिल भारतीय कबीर मठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कबीर कोहिनूर अवॉर्ड – 2026 से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय कबीर मठ संस्थान छोटी खाटू द्वारा 29 जून को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार के लिए देशभर से 21 विभूतियों का चयन किया गया था।

श्री मठ कांशी राघव दास महाराज, भारत भूषण डॉ. नानकदास महाराज, स्पेन निवासी यरोपियन अभिनेत्री और फिल्म निर्देशक सिल्विया डेला रोजा सांजो, पद्मश्री कालूराम बामनिया स्पेन से आध्यात्मिक विश्व गुरु महर्षि उमेश योगी, देहरादून से पद्मश्री डॉ. भूपेंद्र कुमार द्वारा डा. मीना को सम्मानित किया गया। 11 डिग्रियों के धारक शिक्षाविद डा मीना 13 वर्ष से नौकरी के साथ- साथ ही सामाजिक सेवा, शिक्षा, पर्यावरण बचाओ, फिट रहो हिट रहो, हरित राजस्थान, शिक्षा हमारा अधिकार जैसे अनेक कार्य किए। डॉ मीना ने बताया कि ये सम्मान मेरे सामाजिक कार्यों और जनहित के प्रति किए गए संघर्षों को समर्पित है। इस प्रकार के सम्मान मुझे निरंतर समाज सेवा की नई प्रेरणा देते रहते है। 13 राज्यों में 22 हजार



किमी यात्रा मालूम हो कि डॉ मीना सामाजिक सरोकारों के साथ साइकिल यात्रा से पर्यावरण बचाओ के लिए अब तक 13 राज्यों में 22000 हजार किमी की साइकिल यात्रा कर सामाजिक जागरूकता व पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया है। मीना कहते है कि हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुनहरा भविष्य खड़ा कर सकते हैं, अन्यथा धीरे धीरे हवा में फैलती जहरीली गैसों के आवरण से आने वाले समय में सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। डॉ. मीना वेतन का एक निश्चित हिस्सा होनहार बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते है। मीना अब तक आठ सरकारी विद्यालयों को गोद लेकर उनमें अध्ययनरत 550 जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री के साथ टॉपर रहने वाले बच्चों को हर वर्ष 3 दिवसीय फ्लाइट ट्यूर करवाकर उनका सपना पूरा करने के साथ बच्चों को सरकारी विद्यालयों के प्रति जोड़ने का संदेश देते है । डॉ. मीना को उनकी सेवा भावना के लिए अब तक समाज का गौरव सम्मान, कलाम गौरव अवार्ड, देवनागरी पथिक सम्मान, बेस्ट एजुकेशन सर्विस अवॉर्ड, राजस्थान गौरव सम्मान, भारत गौरव रत्न सम्मान, मानवता का रत्न सम्मान, गुजरात गौरव सम्मान, डॉ अम्बेडकर कीर्ति सम्मान, सेवा रत्न सम्मान आदि सम्मान सहित अनेकों मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# सीसी बैठक में किशनगढ़ को लेगेसी टेक्सटाइल क्लस्टर बनाने को लेकर व्यापक चर्चा

**शिवकुमार शर्मा**

**मदनगंज-किशनगढ़।** खोड़ा गणेश रीको एरिया स्थित टैक्स फैब पर किशनगढ़ के वस्त्र एवं पावरलूम उद्योग के विकास को नई दिशा देने के लिए क्लस्टर को-ऑर्डिनेशन, मॉनिटरिंग एंड एडवाइजरी कमेटी (सीसीएमएसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उप निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी वस्त्र आयुक्त संजय चरक ने की। बैठक का शुभारंभ आईटीएडीसी किशनगढ़ के सहायक निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी धनराज मीणा द्वारा सदस्यों का अभिनन्दन कर किया गया। गत बैठक में हुई कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट साझा की गई। व्यापारियों ने फैक्ट्री परिसर में ही विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित कर वेस्टेज कम करने, क्वालिटी सुधारने तथा कर्मचारियों के स्किल डेवलपमेंट पर कार्य करने का सुझाव दिया। प्रभारी अधिकारी मीना ने मौजूद सदस्यों को लेगेसी इंडस्ट्रियल क्लस्टर स्कीम की जानकारी देते हुए बताया कि सबके सहयोग से किशनगढ़ को लेगेसी क्लस्टर का हब बनाया जा सकता है। योजना के अंतर्गत ऐसे पारंपरिक एवं लंबे समय से स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों को चिह्नित किया जाता है। जिनकी ऐतिहासिक पहचान के साथ-साथ उत्पादन क्षमता एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही हो । किशनगढ़ के वस्त्र क्षेत्र की कई दशकों से राजस्थान के प्रमुख टेक्सटाइल केंद्र के रूप में विशिष्ट पहचान और श्रेणी के लिए पूर्णतयाः उपयुक्त है। बैठक में आईटीएडीसी कार्यालय को खोड़ा गणेश रीको औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट करने पर भी चर्चा हुई। वहीं जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक योजनाओं की जानकारी साझा की। इस दौरान लघु उद्योग भारती खोड़ा गणेश इकाई के अध्यक्ष राजेश बाफना, सचिव गौरव अग्रवाल, लघु उद्योग भारती की टेक्सटाइल एवं कौशल विकास समिति के सदस्य दीपक शर्मा, कीर्ति कोचेता, नरसिंह (आईटीएडीसी वीविंग टेक्नोलॉजिस्ट) तथा नागराजा बरकुर (आईटीएडीसी टेक्निकल ऑफिसर) आदि मौजूदथे । लेगेसी क्लस्टर से यह होगा लाभ इस दौरान प्रभारी अधिकारी मीना ने बताया कि यदि किशनगढ़ का चयन लेगेसी टेक्सटाइल क्लस्टर के रूप में होता है, तो क्लस्टर विकास हेतु कुल परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार तथा 40 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस योजना के अंतर्गत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन, स्किल डेवलपमेंट, सरकारी सहायता एवं नए निवेश के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे न केवल वस्त्र उद्योग को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय रोजगार, व्यापारिक गतिविधियों तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी व्यापक लाभ प्राप्त होगा। सभी ने विश्वास दिलाया कि किशनगढ़ को लेगेसी क्लस्टर घोषित करने हेतु राज्य सरकार को शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। रीको किशनगढ़ के प्रतिनिधि हिमांशु शर्मा ने भी आश्वस्त किया कि शीघ्र ही प्रस्ताव शीघ्र राज्य सरकार को प्रेषित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउन्टेट्स का किया सम्मान

**मदनगंज- किशनगढ़।** लॉयंस क्लब किशनगढ़ क्लासिक के पदाधिकारियों ने बुधवार को डॉक्टर्स डे और सीए डे पर चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स का अभिनंदन किया। पदाधिकारियों ने मार्बल सिटी हॉस्पिटल में 24 डॉक्टर्स और 5 सीए साथ ही पूर्व क्लब अध्यक्ष विनोद पाटनी की जयपुर में सेवारत पुत्री डॉक्टर कोलिन जैन का माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मान किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक संजय कुमार सिंहा, महेश कुरानी, नीरज सोमानी, दीप जैन, शिखासिंह ठाकुर, दीपक राघव, प्रशांतकुमार पिलानिया, विश्वा पंकजकुमार चौकसी, अशोक कुमावत, शुभम जैन, रोहितकुमार चांडक, विमलेश पाण्डे, गौरी जैन, पायल अग्रवाल, नीलम गोलिया, भूपेंद्र सिंह नरूका, वैशाली जैन, अंजलि स्वर्णकार, सुनीता नारायण प्रजापत, रमेशकुमार बुगालिया, संतोषकुमार, हॉस्पिटल निदेशक प्रदीप पापड़ीवाल, सीए ओमप्रकाश मैनावत, सुभाष अग्रवाल, सदस्य सीए सुशील बंसल का सम्मान किया। क्लब अध्यक्ष अग्रवाल ने उद्बोधन में स्वास्थ्य क्षेत्र मार्बल सिटी हॉस्पिटल के योगदान की सराहना करते हुए हॉस्पिटल से जुड़े व्यक्तिगत अनुभव साझा किए।



# नव प्रवेशित छात्राओं का किया स्वागत

**मदनगंज-किशनगढ़ ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सीपी पोखरना की अध्यक्षता में नवीन शैक्षणिक सत्र के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर बुधवार को स्वागत किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो पोखरना ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । पोखरना ने नवीन छात्राओं को महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कक्षाओं में निरंतर उपस्थिति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली – 2020 के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली लागू होने से छात्राओं को नियमित उपस्थित होने की सलाह दी । प्रवेश प्रभारी सुरभि सिंघल ने बताया की 72 छात्राओं ने प्रवेश लिया है । इस अवसर पर डॉ शंकर लाल चौधरी, डॉक्टर रणजीत सिंह चौहान, सविता पारीक, डॉक्टर मंजू, डॉक्टर सोनल आदि मौजूद थे।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती

**प्राची शर्मा**

राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है–भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली–एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे–धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा।

दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो



वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली–एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं और करोड़ों रुपये की आर्थिक हानि का कारण बनती हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि प्रदूषण बच्चों और युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसका कहीं अधिक गंभीर मूल्य चुकाना पड़ेगा। दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम स्वागतयोग्य हैं और उनसे सकारात्मक परिणामों की आशा की जा सकती है, किंतु यह तभी संभव होगा जब केंद्र, राज्य, स्थानीय निकाय, उद्योग, वैज्ञानिक समुदाय और नागरिक समाज मिलकर समन्वित प्रयास करें। प्रदूषण किसी एक सरकार, एक मौसम या एक कारण की समस्या नहीं है। यह हमारे विकास मॉडल, जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण का परिणाम है। आज आवश्यकता दोषारोपण की नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीति और सामूहिक उत्तरदायित्व की है। यदि हम स्वच्छ हवा चाहते हैं तो केवल प्रदूषण कम करने की योजनाएँ नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित विकास की नई संस्कृति विकसित करनी होगी। अन्यथा ओजोन जैसी अदृश्य गैसें हमारे शहरों को धीरे–धीरे बीमार करती रहेंगी और विकास का यह मॉडल स्वयं मानव सभ्यता के लिए सबसे बड़ा संकट बन जाएगा।

# खाद्य पोर्टल बंद, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने का काम अटका

**शिवकुमार शर्मा**


**मदनगंज–किशनगढ़।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की कई समय से वेबसाइट बंद होने के कारण राशन कार्ड से जुड़े कार्य पूरी तरह से ठप हो गए। इससे ना तो नए राशन कार्ड बन पा रहे हैं ना ही पुराने कार्ड में उपभोक्ता का नाम जोड़ने–हटाने जैसे काम हो पा रहे हैं। वेबसाइट बंद होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता भी परेशानियों को लेकर खाद्य आपूर्ति कार्यालय और ई–मित्र केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। लेकिन वेबसाइट बंद होने के कारण कर्मचारियों के पास भी कोई समाधान नहीं है। वहीं जिला रसद अधिकारी द्वितीय नीरज जैन का कहना है कि विभागीय स्तर पर पोर्टल में तकनीकी बदलाव और सिस्टम अपडेट का काम चलता रहता है। इसके कारण विभाग द्वारा वेबसाईट अस्थायी रूप से बंद कर दी जाती है। और यह एक प्रक्रिया है । हालांकि अब इसका असर आम लोगों पर पड़ रहा है। उनका कहना है कि उपभोक्ता इसके लिए अधिक परेशान ना हो वेबसाइट में कई बार तकनीकी दिक्कत होने के चलते बंद होती है। उपभोक्ता जब अपना राशनकार्ड ई–मित्र पर अपडेट करवाने जाए तो वे ई–मित्र संचालक से इस बारे में पूछताछ करते रहे।

इधर, लोगों का कहना है कि वेबसाइट बंद होने से उनके राशनकार्ड अपडेट, नाम हटाना और नए नाम जुड़वाने से संबंधित कार्य नहीं होने से उन्हें तीन माह से खाद्य सामग्री नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि रसद विभाग अभी तीन माह का गेहूं एक साथ वितरित कर रहा है, लेकिन उनका राशनकार्ड अपडेट नहीं होने से उन्हें गेहूं मिलने में दिक्कतें आ रही है। राशन डीलर को परेशानी के बारे में बताया जाता है तो वे भी पोर्टल बंद होने की बात कहकर टाल देते हैं। अब विभाग कब आमजन की इस परेशानी को दूर करेगा इसका कोई पता नहीं।

## श्री माहेश्वरी समाज संस्था के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न

**मदनगंज–किशनगढ़।** श्री माहेश्वरी समाज संस्था के द्विवार्षिक चुनाव (2026–28) के चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी गोपाललाल काबरा, अश्विनी काबरा व दीपक मोदानी की देख–रेख में सम्पन्न हुए। महेश पथ स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर शिवचरण ईनाणी विजयी रहे। उपाध्यक्ष के दो पदों पर सर्वेश्वर मंत्री व नृसिंग मालपाणी विजयी रहे। इसी प्रकार मंत्री पद पर किशन बंग निर्विरोध चुने गए। कोषाध्यक्ष राजकुमार बांगड़, उपमंत्री सुनील काबरा, विनोद हेडा, भवन प्रबंधक सुधीर लखोटिया व भगवान बाहेती चुने गए। इसके अलावा कार्यकारणी सेक्टर सदस्यों में कमलकिशोर भांगडिया, रामअवतार बंग, कमलकिशोर राठी, सुनील खाबाणी, मनमोहन झंवर, कैलाशचन्द काबरा, दीपक पुंगलिया, राहुल सोमाणी, रामअवतार छापरवाल, राजकुमार तापडिया, जितेन्द्र मून्दडा, दिनेश दरक, संदीप सोनी, गिरधर भट्टड, सुनील भूतडा, राजेश बाहेती, नरेश सारड़ा, चन्द्रप्रकाश मून्दडा, दिनेश बल्दुआ व हेमन्तकुमार नोगजा चुने गए। नव नियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों का समाजजनों ने स्वागत किया।



DNA-293050